हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय
Hemvati Nandan Bahuguna Garhwal University
श्रीनगर गढ़वाल (उत्तराखण्ड)–246174
Srinagar Garhwal (Uttarakhand) - 246174
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
(A Central University)

पत्रांकः हे॰न॰ब॰/आर॰ओ॰/2024/227 दिनांकः 25/07/2024

परिपत्र

विश्वविद्यालय बिड़ला/चौरास परिसर में अध्ययनरत एवं नवीन प्रवेशार्थी छात्र/छात्राओं को नियमानुसार सुगम एवं गुणवत्तापूर्ण शैक्षिक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित किये जाने के उद्देश्य से छात्र/छात्राओं की तत्सम्बन्धी मांगों एवं समस्याओं के यथा समयान्तर्गत निस्तारण हेतु एतद्द्वारा अधिष्ठाता छात्र कल्याण को नोडल अधिकारी तथा जनसम्पर्क अधिकारी को सहायक नोडल अधिकारी के रूप में अधिकृत किया जाता है। तद्नुसार आवश्यकतानुरूप सम्बन्धित छात्र/छात्राओं/प्रतिनिधियों द्वारा अपनी समस्याओं से अधिष्ठाता छात्र कल्याण कार्यालय को अवगत कराया जा सकता है। उक्त अधिकृत नोडल/सहायक नोडल अधिकारी द्वारा प्राप्त मांगों/समस्याओं के नियमानुसार त्वरित समाधान हेतु विश्वविद्यालय नियंता एवं सम्बन्धित विभागाध्यक्ष/अधिकारियों से समन्वंयन स्थापित कर अग्रेत्तर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी एवं कृत कार्यवाही से सम्बन्धित छात्र/छात्राओं/प्रतिनिधियों को अवगत कराया जायेगा।

उक्त आदेश सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदनोंपरान्त जारी है।

25/7/24
कुलसचिव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. अधिष्ठाता छात्र कल्याण को उक्त सूचना के व्यापक प्रसार एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
2. जनसम्पर्क अधिकारी को इस आशय से प्रेषित कि उक्तानुरूप सत्रारम्भ अवधि में अधिष्ठाता छात्र कल्याण कार्यालय में उपस्थिति सुनिश्चित कर आवश्यक कार्यवाही सम्पादित करेंगे।
3. समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष।
4. नियंता/मुख्य छात्रावास अधीक्षक/पुस्तकालयाध्यक्ष।
5. वित्त अधिकारी/परीक्षा नियंत्रक।
6. समस्त उप कुलसचिव/सहायक कुलसचिव।
7. प्रभारी विश्वविद्यालय वेबसाईट को विश्वविद्यालय वेबसाईट पर प्रकाशन हेतु।
8. निजी सचिव, कुलपति, माननीय कुलपति महोदया के सादर सूचनार्थ प्रेषित।
9. निजी सचिव, प्रतिकुलपति, प्रतिकुलपति महोदय के सादर सूचनार्थ प्रेषित।
10. बिड़ला/चौरास परिसर के समस्त सूचना नोटिस बोर्ड पर चस्पा किये जाने हेतु।
11. कार्यालय प्रति।

कुलसचिव